(b) the exact nature of the offences committed by each of those houses; and

(c) their final outcome ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS AND IN THE DEPARTMANT OF PERSONNEL (SHRI RAM NIWAS MIRDHA) : (a) to (c). There are numerous concerns comprised in each of the six Industrial Houses mentioned in the question. The information desired by the Hon'ble Member will be collected and furnished if the names of the concerns/companies/individual of the Industrial Houses are specified.

**बम्बई के इन्जीनियर द्वारा बिजली की कार का निर्माण**

7238. श्री शिवकुमार शास्त्री :

श्री विभूति मिश्र :

क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान बम्बई के विक्टोरिया जुबली टेकनिकल इंस्टीट्यूट के प्रो० हाटे के इस दावे की ओर दिलाया गया है कि वह सस्ती और तेज गति वाली बिजली की कार बना सकते है, और

(ख) यदि हा, तो उसकी मुख्य बातें क्या है और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) : (क) जी, नही।

(ख) प्रश्न ही नही उठता।

**अलमोड़ा और काफलीगढ़ के बीच टेलीफोन सेवा की व्यवस्था**

7239. श्री महावीपक सिंह शाक्य : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अलमोडा से काफलीगढ़ तक टेलीफोन संचार व्यवस्था नही है ;

(ख) क्या उत्तर प्रदेश सरकार के उद्योग राज्य मंत्री ने 7 जनवरी, 1972 को इस सम्बन्ध मे एक पत्र केन्द्रीय सरकार को लिखा था ; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे मे की गई कार्यवाही की मुख्य बातें क्या है ?

संचार मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा) : (क) जी नही । अलमोड़ा से काफलीगढ़ के लिए टेलीफोन सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गई है ।

(ख) जी नहीं, ऐसा कोई पत्र नहीं मिला है ।

(ग) प्रश्न ही नही उठता ।

**Scientists Pool**

7240. SHRI C JANARDHANAN Will the Minister of SCIENCE AND TCHNOLOGY be pleased to state ·

(a) how many Scientists have joined the Scientists' pool since its inception; and

(b) how many of them have been provided with jobs ?

THE MINISTER OF PLANNING AND THE MINISTER OF DEPARTMENT OF SCIENCE AND TECHNOLOGY (SHRI C. SUBRAMANIAM) . (a) and (b). Since the inception of the scheme, 3,796 Scientists, Engineers, Doctors, etc. joined the Scientists' Pool and 3,242 Pool Officers left the Pool on getting employment.

**Shortage of Cement in Maharashtra**

7241. SHRI DHAMANKAR : SHRI ANNASAHIB GOTKHINDE : Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether Government are aware of the short supply of cement in Maharashtra; and

(b) if so, the steps being taken to meet the situation ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INDUSTNIAL DEVELOPMENT (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD): (a) Yes, Sir. Normally, during the period May to September every year, local shortage of cement arise in the certain regions in the country due to diversion of railway wagons for the movement of food grains. This year despatch of cement to Maharashtra has further been affected on account of power breakdown and labour strikes in the factories feeding the state.

(b) Various measures are being implemented to remove these seasonal shortages by improving the wagon supply positions transpo:ting cement even over longer lead, at higher freights, creation of cement dumps near such areas and thereafter movion it it by road and/or rail etc. operation of dumps at Poona, sholapur and Miraj has been permitted for movement of cement by rail-cum-road basis. Movement of 20,000 tons has been permitted to move by sea from Ranavav via Okha involving higher freight re-imbursement

**सरकारी कार्यालयों में कागज की पर्याप्त मात्रा**

7243. **डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय** क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कागज पर मे नियंत्रण हटने के के बाद सरकारी कार्यालयों को उपयुक्त मात्रा मे कागज की उपलब्धि नही हो रही है; और

(ख) यदि हा, तो क्या सरकार कागज पर आंशिक नियन्त्रण करने का विचार रखती है ?

**औद्योगिक विकास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)**: (क) प्रापूर्ति मंत्रालय के सम्बन्ध मे लोक लेखा समिति की अट्ठतीसवी रिपोर्ट के अनुसार (1971-72) वर्ष 1968-69, 1969-70 तथा 1970-71 में कागज मिलो से की गई दरसंविदा (स्टे काण्ट्रैक्ट) के अनुसार सरकार को क्रमशः 79,46 तथा 60 प्रतिशत कागज मिला। लोक सेवा समिति की रिपोर्ट की प्रतिलिपियां सभा पटल पर रख दी गई हैं।

(ख) इस विषय में अड़तीसवी रिपोर्ट मे लोक सभा समिति द्वारा की गई सिफारिश सरकार के विचाराधीन है।

**डाक-तार विभाग के कर्मचारियों के बच्चों को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक शिक्षा-भत्ता**

7244. **डा० लक्ष्मीनारायण पाडेय** : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या डाक-तार विभाग के कर्मचारियो के बच्चो को स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक शिक्षा भत्ता देने का सरकार का विचार है; और

(ख) यदि हा, तो इसे कब से लागू किया जाएगा ?

**संचार मंत्री (श्री हेमवतीनन्दन बहुगुणा)**: (क) जी नही। (बच्चों का शिक्षा भत्ता सिर्फ हायर सेकंडरी स्तर तक कुछ निर्दिष्ट शर्तों पर ही दिया जाता है।)

(ख) प्रश्न ही नही उठता।

**देश में कागज मिले**

7245 **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय श्री हरि सिंह** : क्या औद्योगिक विकास मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) देश मे कुल कितनी कागज मिल इस समय कार्यरत है और कहा-कहा पर ;

(ख) सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्रो में कितनी-कितनी कागज मिले चल रही हैं;

(ग) देश मे प्रति वर्ष कागज का कितना उत्पादन होता है और इसकी माग कितनी है; और